हर हर महादेव के जयघोष से गूंजा नरेला निकली बाबा महाकाल की शाही सवारी

राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः सावन के पावन महीने में नरेला विधानसभा क्षेत्र शिव भक्ति में डूबा नजर आया। मंत्री विश्वास सारंग की अगुवाई में सोमवार को बाबा महाकाल की भव्य शाही सवारी निकाली गई। स्टेशन क्षेत्र से अशोका गार्डन तक निकली इस सवारी में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे मार्ग पर हर हर महादेव और जय श्री महाकाल के जयघोष गूंजते रहे।

शाही सवारी में महिला, पुरुष, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर बाबा महाकाल का स्वागत किया। धार्मिक संगीत, भगवा ध्वज और भक्ति के वातावरण से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। इस अवसर पर मंत्री विश्वास सारंग ने बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि सावन का महीना भगवान शिव की आराधना और आस्था का पर्व है। बाबा महाकाल की शाही सवारी हमारी सनातन संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। मंत्री सारंग ने कहा कि नरेला विधानसभा में श्रद्धालुओं की बड़ी भागीदारी क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना को दर्शाती है। उन्होंने बाबा महाकाल से प्रदेश की उन्नति और सभी नागरिकों के कल्याण की प्रार्थना की। शाही सवारी के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना। भक्ति और आस्था के इस संगम ने आयोजन को भव्य और यादगार बना दिया।

स्वरोत्सव 2026 में संगीत, साधना और संस्कार का संगम

भोपाल। राजधानी की संस्था स्वर निषाद म्यूजिक एकेडमी की ओर से वार्षिक संगीत समारोह 'स्वरोत्सव 2026' का आयोजन 26 अगस्त को अंजनी सभागृह (पुराना रविंद्र भवन) में किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 5:30 बजे शुरू होगा। समारोह में गायक और गायिकाएं भारतीय शास्त्रीय संगीत के विभिन्न रागों पर आधारित गायन एवं वादन प्रस्तुतियां देंगे। शास्त्रीय, उपशास्त्रीय और सुगम संगीत की प्रस्तुतियां कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहेंगी।

कार्यक्रम के संयोजक और मार्गदर्शक गुरु आकाश गुन्टीवार ने बताया कि समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों को संगीत साधना के साथ मंचीय अनुभव प्रदान करना और भारतीय संगीत परंपरा, संस्कृति व संस्कारों को आगे बढ़ाना है। समारोह में विद्यार्थियों की प्रतिभा और उनकी संगीत साधना की विशेष प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी। भोपाल के कला प्रेमियों के लिए यह आयोजन संगीत की नई अनुभूति लेकर आएगा।

20वां सिन्धी गरबा महोत्सव, 13 सितंबर से शुरू होगा प्रशिक्षण

भोपाल में 15 से 18 अक्टूबर तक सजेगा मां की आराधना का दरबार

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः शारदीय नवरात्रि के अवसर पर गरबा महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस वर्ष 'सिन्धी गरबा महोत्सव' अपने 20वें वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है। सिंधी मेला समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस 4 दिवसीय भव्य महोत्सव का मुख्य आयोजन 15 से 18 अक्टूबर 2026 तक लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में किया जाएगा।

आयोजन को लेकर सिंधी समाज के विशिष्ठ जनों की बैठक में रूपरेखा और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए रविवार को सिंधी कम्युनिटी हॉल में समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदस्यों ने आयोजन को और अधिक भव्य, अनुशासित एवं आकर्षक बनाने के संबंध में अपने सुझाव साझा किए। सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी और महासचिव नरेश तलरेजा ने संयुक्त रूप से बताया कि इस वर्ष शहर के विभिन्न केंद्रों पर गरबा और डांडिया का विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। 13 सितंबर से 13 अक्टूबर 2026 तक विभिन्न केंद्रों पर गरबा प्रशिक्षण होगा। ग्राउंड प्रैक्टिस 14 अक्टूबर को होगी। 15 से 18 अक्टूबर बैठक में सिन्धी मेला समिति के मुख्य संरक्षक भगवानदास सबनानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा समिति के वरिष्ठ सदस्य राजकुमार वाधवानी, सुंदर पंजवानी, सुनील मंगवानी, हरीश चांदवानी, नानक दासवानी, तोलीराम जी, राम आसुदानी, कपिल भाटिया, हरीश विधानी, जीतेश दिनानी, राजेश पेसवानी और रितेश भोजवानी सहित अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम में मातृशक्ति की भी उपस्थिति रही, जिसमें सीमा सबनानी, माया पंजवानी, वर्षा कोटवानी, चेतना वाधवानी, दीपांशी सबनानी, भावना जगवानी, सिया आसुदानी ने भाग लिया।

नाले के ऊपर पेट्रोल पंप निर्माण के आरोप पर एनजीटी ने बनाई संयुक्त समिति

स्थल निरीक्षण कर चार सप्ताह में रिपोर्ट देने के निर्देश, 13 अक्टूबर को होगी अगली सुनवाई

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी आईएसबीटी परिसर में नाले के ऊपर या उसके निकट प्रस्तावित पेट्रोल पंप निर्माण से जुड़े मामले में राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने सुनवाई की।

मामले में पर्यावरण से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्न उठने के बाद अधिकरण ने संयुक्त समिति का गठन किया है। समिति को स्थल का निरीक्षण कर चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को होगी।

यह मामला प्रभात पांडे की ओर से दायर आवेदन से जुड़ा है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि आईएसबीटी परिसर में नए पेट्रोल पंप का निर्माण चिन्हित नाले या प्राकृतिक जल निकासी मार्ग के ऊपर अथवा उसके अत्यंत निकट और निर्धारित बफर क्षेत्र में किया जा रहा है। आवेदक ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के 7 जनवरी 2020 के दिशा-निर्देश और 16 अगस्त 2021 के एक अन्य मामले का हवाला देते हुए जल निकायों, आर्द्रभूमि और नहरों से निर्धारित दूरी बनाए रखने की आवश्यकता बताई है।

आवेदन में मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के तहत जल निकायों और ईंधन भरने वाले केंद्रों की स्थापना से जुड़े प्रावधानों के उल्लंघन का भी आरोप लगाया गया है। हालांकि, ये सभी आरोप आवेदन में किए गए दावे हैं और अधिकरण ने इनका अंतिम रूप से निर्धारण नहीं किया है।

सुनवाई के दौरान अधिकरण ने प्रतिवादियों को चार सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। संयुक्त समिति में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कलेक्टर और मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नामित प्रतिनिधि शामिल हैं। समिति को स्थल की वास्तविक स्थिति और अब तक हुई कार्रवाई की जांच करनी है।

गुरु रविदास जयंती वर्ष पर कलश वंदन यात्रा का स्वागत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित की जा रही प्रदेश स्तरीय कलश वंदन यात्रा का सोमवार को दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के नया बसेरा स्थित संत रविदास मंदिर में स्वागत किया गया। विधायक भगवानदास सबनानी ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर यात्रा का स्वागत किया और संतों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया।

विधायक सबनानी ने कहा कि संत रविदास महाराज के संदेशों को अपने जीवन में उतारकर सामाजिक समरसता को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं का स्वागत किया।

कलश वंदन यात्रा संत रविदास मंदिर नया बसेरा से शुरू होकर अग्रवाल हार्डवेयर, मोरटा मार्केट, बापू नगर, नेहरू नगर चौराहा, साई मंदिर, कैलादेवी मेडिकल स्टोर, शास्त्री नगर डी सेक्टर, सूर्या नगर, कमला नगर थाना, शेषाद्रि नगर, शास्त्री अस्पताल, सुलाना नगर, अंबेडकर नगर, नेहरू कॉलोनी, माता मंदिर, मैट्रो चौराहा, राहुल नगर, पंचशील नगर, रविदास मंदिर, चक्की चौराहा, राजश्री बैंड और शिव नगर होते हुए पत्रकार भवन, बिरला मंदिर और करणाधाम आश्रम पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। यात्रा का मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। इसमें भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र यती, जिला महामंत्री मुकेश राय, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष दिनेश भारती, विधानसभा प्रभारी राजू अनेजा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

नगर निगम भोपाल का सम्मान समारोह आज

नप्र, भोपालः नगर निगम भोपाल का सम्मान समारोह-2026 मंगलवार 25 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। मानस भवन में दोपहर 3:30 बजे से होने वाले समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

समारोह में पत्रकारों, भोपाल विलीनीकरण आंदोलन के सेनानियों के परिजनों, उत्कृष्ट समाजसेवी संस्थाओं, साहित्यकारों, कलाकारों और विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा नगर निगम कर्मचारियों के कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी पुत्र-पुत्रियों तथा निगम के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का भी सम्मान किया जाएगा। नगर निगम प्रशासन के अनुसार यह आयोजन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने और उनकी सेवाओं को सम्मान देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

किराया जमा नहीं करने पर निगम की सात दुकानों में तालाबंदी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नगर निगम ने स्वामित्व वाली दुकानों का किराया जमा नहीं करने वाले बकायादारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सात दुकानों पर तालाबंदी की है। निगम की कार्रवाई के बाद छह बकायादारों ने बकाया किराये की आंशिक राशि निगम कोष में जमा करा दी।

निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर सोमवार को जोन क्रमांक-5 के राजस्व अमले ने यह कार्रवाई की। पटेल नगर स्थित निगम स्वामित्व की दुकानों के किरायेदारों पर लंबे समय से किराया बकाया था। भुगतान नहीं करने पर दुकान क्रमांक बी-4, सी-4, बी-6, बी-7, बी-10, बी-2 और बी-9 पर तालाबंदी की गई। इन दुकानों के किरायेदारों पर हजारों रुपये से लेकर एक लाख रुपये से अधिक तक की किराये की राशि बकाया थी। कार्रवाई के बाद दुकान बी-4 की किरायेदार रहमत बी ने पूरी बकाया राशि जमा कर दी। वहीं अन्य बकायादारों ने भी आंशिक राशि निगम कोष में जमा कराई।

ननि ने अतिक्रमणों पर की कार्रवाई, ठेले और अवैध निर्माण हटाए

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शहर में अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम की कार्रवाई लगातार जारी है। निगम के अतिक्रमण निरोधक दल ने सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर अवैध रूप से लगाए गए ठेले, पान पार्लर, गुमठी, काउंटर और दुकानों के बाहर रखा सामान हटाकर जब्त किया।

निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर की गई कार्रवाई में कोलार, बंजारी दशहरा मैदान, नेहरू नगर, न्यू मार्केट, श्यामला हिल्स, बोट क्लब, जहांगीराबाद, होशंगाबाद रोड, लिंक रोड सहित शहर के कई क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाए गए।

कार्रवाई के दौरान फुटपाथों पर लगी सब्जी, फल, कपड़े और खानपान की दुकानों के साथ आवागमन में बाधक सामान भी हटाया गया। निगम अमले ने कई स्थानों पर अवैध निर्माणों पर भी कार्रवाई की। अयोध्या बायपास रोड पर घर के सामने बनाया गया शेड, लहारपुर रोड पर लगी लोहे की रैलिंग, भानपुर क्षेत्र में सड़क पर रखे पानी के पाइप और पुष्पा नगर में बना अवैध बाथरूम हटाया गया। कस्तूरबा नगर में दुकान के बाहर बनाए गए छप्पर को भी हटाया गया।

कार्रवाई के दौरान जहांगीराबाद क्षेत्र से आवागमन में बाधक लोडिंग ऑटो और श्यामला हिल्स क्षेत्र से तीन चार पहिया वाहन हटाए गए। निगम ने दो पान पार्लर, छह ठेले, एक काउंटर, 17 स्टूल और दो टेबल सहित अन्य सामग्री जब्त की।

मंत्री नागर सिंह चौहान ने सुनीं कार्यकर्ताओं की जनसमस्याएं अधिकारियों से चर्चा कर त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर कई मामलों का समाधान कराया। जिन प्रकरणों में विस्तृत प्रक्रिया आवश्यक है, उन्हें संबंधित विभागों को शीघ्र निराकरण के लिए भेजा गया। मंत्री ने कहा कि प्राप्त जनसमस्याओं का गंभीरता से परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

शिविर में 127 यूनिट रक्तदान किया

निरंकारियों ने रक्त नालियों में नहीं, नाड़ियों में बहे का संदेश दोहराया

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः संत निरंकारी सत्संग भवन, जहांगीराबाद में संत निरंकारी चेरीटेबल फाउण्डेशन ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शासकीय हमीदिया ब्लड बैंक की टीम ने रक्त इकट्ठा किया। स्थानीय निवासियों के साथ-साथ युवाओं और महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

जनकल्याण और मानव सेवा की भावना से ओत-प्रोत इस आयोजन में कुल 127 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस दौरान जोनल इंचार्ज अशोक जुनेजा ने निरंकारी मिशन की सेवा परंपरा को रेखांकित करते हुए बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के संदेश 'रक्त नालियों में नहीं, नाड़ियों में बहे' को याद किया और बताया कि मिशन इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

शिविर के सफल संचालन में क्षेत्रीय संचालक अखिलेश यादव, सेवादल के अधिकारियों, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों और स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई।

चालीहा महोत्सव का समापन भव्य शोभा यात्रा निकली

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः झूलेलालजी चालीहा महोत्सव का सोमवार को समापन हो गया। भव्य शोभायात्रा, अखंड ज्योति विसर्जन और विविध सांस्कृतिक आयोजनों हुए।सिंधी समाज के श्रद्धालुओं द्वारा भगवान झूलेलाल की आराधना में भजन-कीर्तन, आरती और पल्लव (प्रार्थना) का आयोजन किया गया।

संतनगर के प्रमुख मार्गों पर झूलेलाल कल्याण मंडलम सेवा समिति द्वारा पिछले 39 वर्षों से यह महोत्सव निरंतर धूमधाम से मनाया जाता रहा है। समापन दिवस की शुरुआत सुबह बहिराणा साहब की पावन ज्योत प्रज्वलित कर की गई, जिसके उपरांत भंडारे और प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लिया। महोत्सव के समापन पर संतनगर के विभिन्न स्थलों पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। न्यू बी-10 स्थित झूलेलाल चालीहा साहब मंदिर समिति द्वारा सिंधु समाज स्कूल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि सिंधी समाज वर्षों से अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजते हुए देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना करता आ रहा है, जिस पर पूरे समाज को गर्व है। वहीं, पंचवटी में पूज्य झूलेलाल चालीहा साहिब समिति द्वारा आयोजित समापन कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने शिरकत कर महाआरती की और सर्वमंगल की कामना की।

इसरानी मार्केट में भव्य आयोजनः राजधानी भोपाल के इसरानी मार्केट में गुरु चालीहा महोत्सव का समापन हुआ, आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में भगवानदास सबनानी और विशिष्ट अतिथि के रूप में मनीष दरयानी उपस्थित रहे।

कार्यालय, पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण शाला (एमटी), भोपाल (म.प्र.)

पुलिस विभाग के वाहनों के रख-रखाव के लिये आवश्यकतानुसार विविध प्रकार की सामग्री क्रय करने हेतु 03 माह के लिऐ अनुबंध हेतु

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, पी.टी.एस. (एमटी), पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा पुलिस विभाग के वाहनों के रख-रखाव के लिये आवश्यकतानुसार विविध प्रकार की सामग्री (स्टोर-2 भाग-1) क्रय करने हेतु 03 माह के लिए दर अनुबंध किये जाने हेतु खुली ई-निविदा आंमत्रित की गई है। नियम एवं शर्ते तथा अनुबंध की विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in तथा www.mppolice.gov.in की बेवसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

निविदा प्रकाशन की दिनांक	20/08/2026 के 17:00 बजे
निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभ दिनांक	20/08/2026 के 18:00 बजे
प्री-बिड मीटिंग दिनांक	24/08/2026 के 11:00 बजे
निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक	27/08/2026 के 11:00 बजे
निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक	10/09/2026 के 14:00 बजे
तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक	11/09/2026 के 16:00 बजे

जी-17669/26

पुलिस अधीक्षक
पी.टी.एस. (एमटी), भोपाल

आम सूचना

फ्लेट क्रमांक बी-2/602 (छटवॉ तल), क्षेत्रफल 1856 वर्गफिट अर्थात् 172.49 वर्गमीटर, ब्लॉक बी-2, कोरल वूडस कॉम्पलेक्स, ग्राम मिसरोद, प.ह.नं. 42, तहसील हुजूर, जिला भोपाल के विक्रय पत्र की मूल प्रति गुम जाने के सम्बन्ध में.

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री संजय वर्मा आत्मज स्व. श्री वी.के. वर्मा एवं श्रीमती रुचिका वर्मा पत्नी श्री संजय वर्मा, दोनों निवासी-ई-117/21, शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.) के सह-स्वामित्व, आधिपत्य का एक फ्लेट क्रमांक बी-2/602 (छटवॉ तल), क्षेत्रफल 1856 वर्गफिट अर्थात् 172.49 वर्गमीटर, ब्लॉक बी-2, कोरल वूडस काम्पलेक्स, ग्राम मिसरोद, प.ह.नं. 42, तहसील हुजूर, जिला भोपाल में स्थित है, जिसके विक्रय पत्र का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय, भोपाल में दिनांक 29 मार्च, 2013 को पुस्तक क्रमांक अ-1, ग्रंथ 466 में 10 पृष्ठ 38 से 47 पर दस्तावेज क्रमांक 5948(2) देकर अंकित है, जिसके विक्रय पत्र की मूल प्रति गुम हो गई है। उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र की मूल प्रति गुमने के सम्बन्ध में लिखित रिपोर्ट थाना कोलार, जिला भोपाल में दिनांक 18/08/2026 को दर्ज कराई गई है। मूल विक्रय पत्र का किसी प्रकार से दुरूपयोग नहीं किया गया है। यदि उक्त वर्णित सम्पत्ति के मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति, व्यक्तियों को मिलता है तो उक्त दस्तावेज की सूचना देने की कृपा करें।

भवदीय अंकिता द्विवेदी (एडवोकेट)
द्विवेदी लॉ चेम्बर
कार्यालय :- 220,213, बी.डी.ए.काम्पलेक्स, 1 नं. स्टाप, शिवाजी नगर भोपाल. मो.नं.9425968337

1398

परिशिष्ट B-संख्यांक 13

जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड, भोपाल

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

आरसीएस ए/882/2026
मृत्युंजय दोगने बनाम थाना प्रभारी गोविंदपुरा भोपाल
NEXT DATE :28-09-2026

प्रेषिती, सर्वसाधारण पता-सर्वसाधारण यह कि प्रार्थी मृत्युंजय दोगने ने आपके विरूद्ध आरसीएस ए/882/2026 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 03-08-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें**:-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

सुश्री हेमलता अहिरवार, न्यायाधीश
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड भोपाल (म.प्र.)

1397

न्यायालय श्रीमान पच्चीसवें अपर सत्र न्यायाधीघ महोदय, भोपाल (म.प्र.)

लोहिया सोलर इन्सटोलेशन द्वारा प्रोपराइटर गीता देवी.... **आवेदक/रिवीजनकर्ता**
.....विरूद्ध....1 एम.पी. इन्टरप्राइजेस 2. एम.पी. इन्टरप्राइजेस द्वारा पार्टनर मुजीब-उर-रहमान.....**अनावेदक/रेस्पाडेंट**

प्रति, अनावेदक/रेस्पोडेंट एम.पी. इन्टरप्राइजेस द्वारा पार्टनर मुजीब उर-रहमान पता सी-89, बी.डी.ए. कालोनी, जैन मंदिर के पास कोहेफिजा भोपाल (म.प्र.) आपके विरुद्ध एक रिवीजन याचिका अंतर्गत धारा 438, 439 440 बी.एन.एस.एस. के तहत संस्थित किया है। अतः आप अनावेदकगण को सूचित किया जाता है कि आपको इस न्यायालय में तारीख 13/10/2026 को दिन में 11 बजे प्रकरण के उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन दिया जाता हे आप न्यायालय में स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस प्रकरण से सम्बंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देशित भी किया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उसी दिन एसे दस्तावेज जो आपके कब्जे में है पेश करें। जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो आवेदन पत्र की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थित में एक पक्षीय किया जावेगा। यदि किसी कारण वश उक्त पेशी दिनांक पर न्यायालयीन अवकाश घोषित होता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्यदिवस में की जावेगी। यह आज तारीख 20.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

योगीराज पाण्डेय
पच्चीसवें अपर सत्र न्यायाधीश महोदय भोपाल म.प्र.

1396

Government Women's Polytechnic College Shivaji Nagar, Bhopal - 462016

Phone: 0755-2576839, Fax: 0755-257684 Email: info@gwpbpl.org, Website: www.gwpbpl.ac.inApproved by AICTE & Affiliated to RGPV Bhopal

NBA
Accredited Programmes
Architecture & Interior Design(2019-22)
Computer Science & Engineering(2019-22)

Excellence in Technical Education for Women Empowerment

क्रमांक / शामपोमभो / पुस्त./2026/ टेण्डर क. 1347 भोपाल, दिनांक 14. /08/2026

निविदा आमंत्रण

पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रण 2026-27 महाविद्यालय के पुस्तकालय में पुस्तकें कय करने हेतु निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी / शर्तें संस्था की वैबसाइट www.gwpbpl.ac.in से डाउनलोड की जा सकती है। निविदा जिसका E Tender No. 2026_DTE_530103 है। मध्यप्रदेश शासन की ई-टेंडरिंग वैबसाइट www.mptenders.gov.in पर अपलोड करें। अपलोडकरने की अंतिम दिनांक 21/09/2026 समय सांय 5 बजे निर्धारित है।

PRINCIPAL
जी-17674/26 Govt Women□s Polytechnic College, Shivaji Nagar, Bhopal (M.P.)